# MP Board Class 7th Social Science Solutions Chapter 19 मौसम और जलवायु

प्रश्न 1
रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –
(1) मौसम ................ क्षेत्र को प्रभावित करता है।
(2) लगभग एक-सी वायुमण्डलीय दशा को कहते हैं।
(3) मौसम और जलवायु की दशा में ............ तत्व शामिल हैं।
उत्तर:
(1) छोटे
(2) ऋतु
(3) छः

**लघु उत्तरीय प्रश्न**
प्रश्न 2.
(1) मौसम किसे कहते हैं ? मौसम व ऋतु में क्या अन्तर
उत्तर:
किसी स्थान पर तापमान, वायुदाब, हवाएँ, आर्द्रता, वर्षा आदि की दशाओं में शीघ्र परिवर्तन होने की स्थिति को मौसम कहते हैं। मौसम एक छोटे से स्थान तक सीमित रहता है तथा इसमें शीघ्र ही बदलाव होता रहता है जबकि ऋतु एक बड़े भू-भाग पर लगभग समान रहने वाली वायुमण्डलीय अवस्था है। ऋतु में शीघ्र ही बदलाव नहीं होता।

(2) किसी स्थान की जलवायु को जानने के लिए कितने वर्षों के आँकड़ों का औसत निकालते हैं ?
उत्तर:
किसी स्थान की जलवायु को जानने के लिए लगभग 30 वर्षों के मौसम सम्बन्धी आँकड़ों का औसत निकाला जाता है।

(3) किसी स्थान की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक कौन-कौन से हैं ?
उत्तर:
किसी स्थान की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक निम्नलिखित हैं –

- स्थान की अक्षांशीय स्थिति
- समुद्र तल से ऊँचाई
- स्थल तथा जल का वितरण
- समुद्र से दूरी
- हवाओं – की दिशा
- वायुदाब की पेटियाँ
- पर्वतों की स्थिति
- धरातल का स्वरूप, तथा

- समुद्री जल धाराएँ।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**
प्रश्न 3.
(1) मौसम और जलवायु में अन्तर समझाइए।
उत्तर:
मौसम और जलवायु में अन्तर –

https://www.evidyarthi.in/